**बिहार सरकार**
**विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग**

पत्रांक– वि.प्रा. (IV) भूमि– 05/2019– पटना/दिनांक,

सेवा में,

**महालेखाकार (ले० एवं हक०),**
वीरचन्द पटेल पथ,
बिहार, पटना।

विषय – **विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के अधीन पश्चिम चंपारण(बेतिया) जिलान्तर्गत बगहा अनुमंडल के मधुबनी अंचल में राजकीय पोलिटेकनिक, बगहा (पश्चिम चंपारण) की स्थापना की स्वीकृति तथा उक्त संस्थान के लिए आंतरिक एवं बाह्य विद्युतीकरण, जलापूर्ति, स्वच्छता अधिष्ठापन, परिसर विकास सहित विभिन्न कोटि के भवनों यथा प्रशासनिक भवन(G+3), 200(दो सौ) शय्या का एक बालक छात्रावास(G+3), 100(एक सौ) शय्या का एक बालिका छात्रावास(G+3), प्राचार्य–सह–व्याख्याता क्वार्टर(G+3), तकनीकी सपोर्ट स्टाफ क्वार्टर(G+3), सपोर्टिंग स्टाफ कर्मी–Iv क्वार्टर(G+2), वर्कशॉप(G), एमिनिटी भवन(G+1) इत्यादि के निर्माण कार्य हेतु कुल रू० 7304.10 लाख (तेहत्तर करोड़ चार लाख दस हजार रूपये) मात्र की प्रशासनिक स्वीकृति के संबंध में।**

**आदेश– स्वीकृत।**

राज्य सरकार ने भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–2707(भ०)अनु०, दिनांक–19.03.2025 द्वारा उपलब्ध कराये गये तकनीकी अनुमोदित प्राक्कलन के आधार पर दिनांक–24.06.2025 को संपन्न मंत्रिपरिषद् की बैठक में मद संख्या–25 के अन्तर्गत स्वीकृत प्रस्ताव के आलोक में पश्चिम चंपारण(बेतिया) जिलान्तर्गत बगहा अनुमंडल के मधुबनी अंचल में राजकीय पोलिटेकनिक, बगहा (पश्चिम चंपारण) की स्थापना की स्वीकृति तथा उक्त संस्थान के लिए आंतरिक एवं बाह्य विद्युतीकरण, जलापूर्ति, स्वच्छता अधिष्ठापन, परिसर विकास सहित विभिन्न कोटि के भवनों यथा प्रशासनिक भवन(G+3), 200(दो सौ) शय्या का एक बालक छात्रावास(G+3), 100(एक सौ) शय्या का एक बालिका छात्रावास(G+3), प्राचार्य–सह–व्याख्याता क्वार्टर(G+3), तकनीकी सपोर्ट स्टाफ क्वार्टर(G+3), सपोर्टिंग स्टाफ कर्मी–Iv क्वार्टर(G+2), वर्कशॉप(G), एमिनिटी भवन(G+1) इत्यादि के निर्माण कार्य हेतु कुल रू० 7304.10 लाख (तेहत्तर करोड़ चार लाख दस हजार रूपये) मात्र की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की है।

**2.** उक्त स्वीकृत राशि का व्यय राज्य स्कीम बजट के अधीनः–

**(क)** माँग सं०– 03 के अन्तर्गत मुख्यशीर्ष–4202–शिक्षा, खेलकूद, कला और संस्कृति पर पूँजीगत परिव्यय, उपमुख्यशीर्ष– 02–तकनीकी शिक्षा, लघुशीर्ष–104–बहुशिल्प, उपशीर्ष–0108–पोलिटेकनिक भवन(निश्चय), विपत्र कोड– 03–4202021040108 के अधीन "53 01–मुख्य निर्माण कार्य" विषयशीर्ष

में उपबंधित राशि से कुल प्रस्तावित राशि का 83% अर्थात कुल रू० **6062.40** लाख मात्र विकलनीय होगा।

**(ख)** माँग सं०– 03 के अन्तर्गत मुख्यशीर्ष–4202–शिक्षा, खेलकूद, कला एवं संस्कृति पर पूँजीगत परिव्यय, उपमुख्यशीर्ष–02–तकनीकी शिक्षा, लघुशीर्ष–789–अनुसूचित जातियों के लिए विशेष घटक योजना, उपशीर्ष–0103–पोलिटेकनिक / इंजीनियरिंग / तकनीकी महाविद्यालय,

विपत्र कोड– 03–4202027890103 के अधीन "53 01– मुख्य निर्माण कार्य" विषयशीर्ष में उपबंधित राशि से कुल प्रस्तावित राशि का 16% अर्थात कुल रू० **1168.66** लाख मात्र विकलनीय होगा।

**(ग)** माँग सं०– 03 के अन्तर्गत मुख्यशीर्ष–4202–शिक्षा, खेलकूद, कला एवं संस्कृति पर पूँजीगत परिव्यय, उपमुख्यशीर्ष–02–तकनीकी शिक्षा, लघुशीर्ष–796–जनजातीय क्षेत्र उप योजना, उपशीर्ष–0103–पोलिटेकनिक/इंजीनियरिंग/तकनीकी महाविद्यालय, विपत्र कोड– 03–4202027960103 के अधीन "53 01– मुख्य निर्माण कार्य" विषयशीर्ष में उपबंधित राशि से कुल प्रस्तावित राशि का 1% अर्थात कुल रू० **73.04** लाख मात्र विकलनीय होगा।

**3.** उक्त प्रशासनिक स्वीकृत के विरूद्ध राशि विमुक्ति संबंधी व्यायादेश/आवंटनादेश, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना द्वारा संबंधित भवन प्रमंडल, बेतिया को प्रदान किया जायेगा।

**4.** आवंटित राशि की निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना द्वारा प्राधिकृत/विनिर्दिष्ट कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, पश्चिम चंपारण(बेतिया) होंगे।

**5.** आवंटित राशि की निकासी नियमानुसार जिला कोषागार, पश्चिम चंपारण(बेतिया) से की जायेगी।

**6.** विमुक्ति हेतु स्वीकृत राशि की निकासी विभाग के लिए संसूचित योजना उद्व्यय एवं बजट उपबंध के अधीन निर्गत आवंटन राशि तक सीमित रहेगा।

**7.** विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग का पत्रांक–5606, दिनांक–20.12.2024 के द्वारा अनुमोदित स्थल ले–आउट प्लान भवन निर्माण विभाग को उपलब्ध कराया जा चुका है।

**8.** तकनीकी अनुमोदन के अनुरूप अक्षरशः कार्य कराने की संयुक्त जिम्मेदारी विभाग द्वारा प्राधिकृत/विनिर्दिष्ट संस्थान के प्राचार्य एवं संबंधित कार्यपालक अभियंता की होगी।

**9**. दिनांक–24.06.2025 को मंत्रिपरिषद् की बैठक में मद संख्या–06 में राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के द्वारा संस्थान की स्थापना हेतु बगहा अनुमंडल के मधुबनी अंचल के मौजा–तौलाहा, थाना संख्या–263, खाता संख्या–03, खेसरा संख्या–7289, रकबा–2.30 एकड़ एवं मौजा–पकड़ीहवा, थाना संख्या– 264, खाता संख्या–112 के खेसरा संख्या–595, 711, रकबा–4.51 एकड़ अर्थात **कुल रकबा–6.81 एकड़(छह एकड़ इक्यासी डिसमिल)**, भूमि–गैरमजरूआ मालिक, किस्म–परती कदीम भूमि विभाग को निःशुल्क अन्तर्विभागीय स्थायी हस्तान्तरण हेतु स्वीकृति प्रदान की गई है।

**10.** यह आदेश वित्त विभाग के संकल्प संख्या–12888/वि० दिनांक–03.12.2024 में अंकित प्रावधानानुसार दिनांक–24.06.2025 को संपन्न मंत्रिपरिषद् की बैठक में मद संख्या–25 पर निर्णय के आलोक में आन्तरिक वित्तीय सलाहकार की सहमति से निर्गत किया जाता है। आंतरिक वित्तीय सलाहकार की सहमति संचिका सं०–वि.प्रा. (IV) भूमि– 05/2019 के पृ०–**58/टि0** पर प्राप्त है।

**11.** वित्त विभाग के पत्रांक–7355 वि0 (2), दिनांक–05.10.2007 अनुसार इस योजना के लिए प्राधिकार पत्र की आवश्यकता नहीं है।

बिहार राज्यपाल के आदेश से

ह०/–

**(अहमद महमुद)**
सरकार के अपर सचिव

**ज्ञापांक– वि.प्रा. (IV) भूमि– 05/2019–** **/पटना,दिनांक–**

**प्रतिलिपि–** महालेखाकार (लेखा परीक्षा), बिहार, पटना/योजना एवं विकास विभाग/वित्त विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह०/–
सरकार के अपर सचिव

**ज्ञापांक– वि.प्रा. (IV) भूमि– 05/2019–** **/पटना, दिनांक–**

**प्रतिलिपि–** कोषागार पदाधिकारी, पश्चिम चंपारण(बेतिया) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह०/–
सरकार के अपर सचिव

**ज्ञापांक– वि.प्रा. (IV) भूमि– 05/2019–** **/पटना, दिनांक–**

**प्रतिलिपि–** अपर सचिव, मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग, पटना को दिनांक–24.06.2025 को मंत्रिपरिषद् की बैठक में मद संख्या–25 के रूप में स्वीकृत प्रस्ताव के आलोक में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह०/–
सरकार के अपर सचिव

**ज्ञापांक– वि.प्रा. (IV) भूमि– 05/2019–** **/पटना, दिनांक–**

**प्रतिलिपि–**सचिव/मुख्य अभियंता(निरूपण)/अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त– सह–विशेष सचिव/मुख्य वास्तुविद्, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह०/–
सरकार के अपर सचिव

**ज्ञापांक– वि.प्रा. (IV) भूमि– 05/2019–** **/पटना, दिनांक–**

**प्रतिलिपि–** आयुक्त, तिरहुत प्रमंडल, मुजफ्फरपुर/जिला पदाधिकारी, पश्चिम चंपारण को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह०/–
सरकार के अपर सचिव

**ज्ञापांक– वि॰प्रा॰ (IV) भूमि– 05/2019–** **/पटना, दिनांक–**

**प्रतिलिपि–** कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, पश्चिम चंपारण(बेतिया) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह०/–
सरकार के अपर सचिव

**ज्ञापांक– वि॰प्रा॰ (IV) भूमि– 05/2019–** 3479 **/पटना, दिनांक–** 30.06.25

**प्रतिलिपि–** माननीय विभागीय मंत्री के आप्त सचिव/सचिव के प्रधान आप्त सचिव/विशेष कार्य पदाधिकारी(एम०)/सहायक प्रशाखा पदाधिकारी (बजट)/आई०टी० मैनेजर(E-mail एवं विभागीय बेवसाईट पर अपलोड हेतु), विज्ञान प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

30/6/25
सरकार के अपर सचिव